तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 धमतरी में धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईंट भट्ठे

16 गंगरेल बांध की लहरों पर आज दिखेगा रोमांच


Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध



बच्चों में हर्निया
हर्निया ऑपरेशन से ठीक होने वाली बीमारी है, दवाईयाँ केवल समय और पैसे की बर्बादी है, जागरूक रहें, बच्चों के सर्जरी विशेषज्ञ से एक्सपर्ट ओपेनियन लें, सही समय पर सही इलाज कराएं।
आयुष्मान योजना में निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा*
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397
आज ही सम्पर्क करें
डॉ प्रदीप साहू (शिशु शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ)
MBBS, MS, MCH (PGIMER, CHANDIGARH)
15 वर्षों का विशाल अनुभव, हज़ारों बच्चों की सफल सर्जरी
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343


## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्।।

## खबर संक्षेप

### 29 को भवन का लोकार्पण मां कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा

**धमतरी।** ग्राम कोलियारी में साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा के सहयोग से 29 मार्च को भवन लोकार्पण के साथ-साथ मां कर्मा की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होगा। एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है, जिसमें रायपुर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच एवं उपचार सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर में बीपी, शुगर, कैंसर सहित अन्य बीमारियों की जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा के अध्यक्ष तरुण कुमार साहू ने समाजजनों एवं आम नागरिकों से कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।



### मतदाता सूची बनाने का काम शुरू, 5 मई को अंतिम प्रकाशन

# दो सरपंच और 16 पंच के लिए होगा उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की 2 ग्राम पंचायतों में सरपंच और 16 ग्राम पंचायतों में पंच के चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। मतदाता सूची बनाने का काम चल रहा है। 5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। इसके बाद मतदान की तिथि घोषित की जाएगी।

सालभर बाद अब पंचायत उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। पंचायत उपचुनाव हर छह माह में किया जाता है, लेकिन अधिकारी-कर्मचारी एसआईआर कार्य में व्यस्त थे, जिसके चलते पिछले छमाही में उपचुनाव नहीं हो पाया। अब जाकर उपचुनाव के लिए कार्यक्रम घोषित किया गया है। जानकरी के अनुसार जिले की 18 ग्राम पंचायतों में उपचुनाव होना है। इसमें से 2 ग्राम पंचायत में सरपंच और 16 ग्राम पंचायतों में पंच के लिए मतदान होगा। इस चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। मतदाता सूची का पहला प्रकाशन 13 अप्रैल को किया जाएगा, जिसके बाद दावा-आपत्ति ली जाएगी। दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद 5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मई माह में ही मतदान होने की संभावना है।




#### मोंगरागहन पंचायत में नहीं होगा मतदान

मोंगरागहन पंचायत में भी सरपंच के निधन के बाद पद रिक्त पड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से पंचायतों में रिक्त पदों की जानकारी फरवरी माह में भेजी गई थी। जानकारी भेजने के बाद मोंगरागहन में सरपंच पद रिक्त हुआ है, जिसके चलते यहां पर चुनाव नहीं होगा। आगामी छमाही में होने वाले उपचुनाव में इस ग्राम पंचायत को शामिल किया जाएगा।

#### इन गांवों में होगा मतदान

धमतरी ब्लाक के लीलर ग्राम पंचायत में सरपंच, बिरेतरा में पंच, कुरूद ब्लाक के कुहकुहा, सिवनीकला, जीजामगांव, चर्रा, सेमरा बी, तर्रागोंदी में पंच, मगरलोड के मोतिमपुर में पंच और सरपंच, खड़मा में पंच , नगरी के बिरनासिल्ली, सिरसिदा, घोटगांव, बनबगौद, कट्टीगांव और करैहा में पंच के लिए मतदान होगा।

#### मोतिमपुर में मतदान पर संशय

आरक्षण के अड़ंगा के चलते मगरलोड ब्लाक के मोतिमपुर में सरपंच पद आम निर्वाचन से ही खाली पड़ा है। यहां सरपंच का पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। जबकि गांव में इस वर्ग की एकमात्र 80 वर्षीय महिला ही निवास करती है और वह चुनाव लड़ने में रूचि नहीं ले रही है। ऐसे में यहां उपचुनाव में भी आरक्षित वर्ग से उम्मीदवार मिलने की संभावना नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले पंचवर्षीय में सिलघट में इसी प्रकार की समस्या के चलते पूरे पांच साल तक सरपंच पद रिक्त रहा। उपसरपंच ने पांच साल तक सरपंच का कार्यभार सम्हाला था।

### बच्चों की छठी इंद्रिय विकसित करने इंट्यूशन प्रोग्राम 27 से

**धमतरी।** बच्चों की छिपी हुई क्षमता को जागृत करने और उनके मानसिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से ऑफ़ लिविंग की धमतरी इकाई द्वारा इंट्यूशन प्रोग्राम का आयोजन 27 मार्च से 12 अप्रैल तक कबीर आश्रम सीनेट सिटी के पास आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार ऑफलाइन सत्र प्रतिदिन लगभग 2 घंटे के होंगे, जबकि ऑनलाइन सत्र 45 मिनट के रखे गए हैं। प्रशिक्षक स्वामी शिवतेज और कोमलप्रसाद थवाइत होंगे। यह प्रोग्राम विशेष रूप से 8 से 13 वर्ष किड्स और 13 से 18 वर्ष टिन्स के लिए तैयार किया गया है। 5 वर्ष से ऊपर और 7 वर्ष के अंदर के बच्चों का प्रोग्राम भी है।

## नवोदय चयन में सरकारी स्कूलों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ वनांचल नगरी के सबसे ज्यादा छात्र हुए चयनित

नवोदय चयन परीक्षा में सरकारी स्कूलों के छात्रों ने बाजी मारी है। कुल 80 सीटों में 55 छात्र सरकारी स्कूल के हैं, जबकि 25 छात्र निजी स्कूल के हैं। वनांचल नगरी के सबसे ज्यादा छात्र चयनित हुए हैं।

कुरूद स्थित नवोदय विद्यालय में शिक्षा का स्तर निजी विद्यालयों से बेहतर है। इस आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए होड़ मची रहती है। इस साल बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रवेश के लिए परीक्षा दिलाई। पूरे जिले से 80 छात्रों का चयन इस स्कूल के लिए हुआ है। सर्वाधिक नगरी विकासखंड के 27 छात्र इस स्कूल के लिए चयनित हुए हैं। इसी प्रकार कुरूद विकाखंड के 22, मगरलोड के 20 और धमतरी विकासखंड के 11 छात्र चयनित हुए हैं। शासकीय स्कूलों के परफार्मेंस की स्थिति देखें तो यहां भी नगरी विकासखंड बेहतर स्थिति में है। यहां पर शासकीय स्कूल के 25 छात्र चयनित हुए हैं। निजी स्कूल के मात्र 2 छात्र शामिल हैं। दूसरे नम्बर पर कुरूद है जहां पर 17 छात्र शासकीय स्कूल और 4 छात्र निजी स्कूल के हैं। मगरलोड में 6 छात्र शासकीय और 14 छात्र निजी स्कूल के हैं। धमतरी में 7 छात्र शासकीय और 4 छात्र निजी स्कूल के हैं।

#### इन स्कूलों का रहा बेहतर परफार्मेंस

शासकीय प्राथमिक शाला बिरेतरा धमतरी से 2 छात्र, शासकीय प्राथमिक शाला सेलदीप कुरूद से 7 एवं पीएमश्री कुरूद से 2 छात्र तथा शासकीय प्राथमिक शाला बरबांधा नगरी से 7, शासकीय प्राथमिक शाला घुरावड़ नगरी से 4, शासकीय प्राथमिक शाला दोहलापारा नगरी से 8 छात्र का चयन हुआ है।

### बस की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल

**धमतरी।** नेशनल हाईवे से गुजर रही बाइक को तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक में सवार दो युवक घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर दीपक कुमार उम्र 17 वर्ष ग्राम कातलबोड़ अपने साथी के साथ मोटरसायकल में सवार होकर नेशनल हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान ग्राम पुरी मोड़ के पास पीछे से आ रही कांकेर रोडवेज की तेज रफ्तार बस के चालक ने सामने जा रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बस की ठोकर से दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इस घटना में दोनों युवक घायल हो गए। घायल को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।



DELHI IAS ACADEMY
DELHI IAS ACADEMY RAIPUR
Attention Dear All Parent & Aspirants
CGPSC 3 Year FOUNDATION BATCH
After Class 12th
Batch Starting From
31st March 2026 Evening Batch
Who Can Join
B.A./ B.COM/ B.Sc/ BE & 1st Year Student
Aspirants Targeting CGPSC / UPSC early Preparation
Key Highlights
Experienced Faculty Guidance
Study Material (Hindi/English Medium)
Offline Classes
Structure Of 3 Year Plan
1st Phase — Duration - 08 Months
NCERT Foundation
Subject Wise Preparation
Mentorship Programme
NewsPaper Reading & Analysis
2nd Phase — Duration - 20 Months
Prelims + Mains Preparation
Answer Writing Practice
Test Series Evalution
Mentorship Programme
3rd Phase — Duration - 08 Months
Current Affairs Mastery
Personality Developement
Advance Answer Writing
Final Mock Tests
Call Now
+91 7880111516, +91 7880111266
2nd Floor, Vandana Bajaj Showroom Opposite Rajkumar College,G.E. Road, Raipur
Khanna

# कलेक्टोरेट के पास हुई कार्रवाई अब बाईपास में अवैध प्लाटिंग




■ नहर पार में मुरुम बिछाकर बनाई गई अवैध सड़क, विधायक ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में अवैध प्लाटिंग की बाढ़ सी आ गई है। कलेक्टोरेट के बाद अब बाईपास रोड के पास अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया है। अवैध प्लाटिंग की शिकायत के बाद विधायक ने स्थल जांच की। तहसीलदार ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

धमतरी बाईपास को शहर से जोड़ने के लिए नहर पार में एक वैकल्पिक बाईपास बनाया गया है जो एकता हास्पिटल से होकर गुजरता है। इस मार्ग में एक छोटी नहर मुजगहन की ओर गई है। इसी छोटी नहर के पार पर बिना अनुमति के मुरुम बिछाकर सड़क का निर्माण कर दिया है, यह सड़क उस खेत तक जाती है, जहां पर अवैध प्लाटिंग की ⏩ शेष पेज 15 पर

#### तीन विभागों का कार्यक्षेत्र

वैकल्पिक बाईपास मार्ग नगर निगम ने बनवाया है, वहीं जिस जमीन पर सड़क बनाई गई है, वह सिंचाई विभाग की है। खेत राजस्व विभाग के अंतर्गत आता है, हालांकि इस मामले में जमीन मालिक ने अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखते हुए खेत में फार्म हाउस बनाने की जानकारी दी है। इसके बाद भी सरकारी जमीन पर सड़क बनाना, खेत में मुरुम बिछाकर सड़क बनाना नियम विरूद्ध है।

#### कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

कलेक्टोरेट के पास रजिस्ट्री दफ्तर के पीछे ही अवैध प्लाटिंग की गई थी। शिकायत के बाद इस मामले में कार्रवाई की गई। निगम द्वारा सड़कों पर जेसीबी चलाई गई, लेकिन यहां पर भी कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की गई है। केवल कुछ स्थानों पर सड़क की मुरूम को हटाया गया है, लेकिन मुरुम जब्त नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल-डीजल रिजर्व रखने कलेक्टर का निर्देश

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने छग शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन,



नवारायपुर अटल नगर के परिपालन में जिले के समस्त पेट्रोल एवं डीजल पम्प संचालकों, भागीदारों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशानुसार सभी पेट्रोल पम्प संचालक आगामी आदेश तक डेड स्टॉक को छोड़कर न्यूनतम 2000 लीटर पेट्रोल एवं 4000 लीटर डीजल आरक्षित (रिजर्व) रखेंगे। यह आरक्षित ईंधन स्टॉक केवल अति आवश्यक परिस्थितियों में ही उपयोग में लाया जाएगा। आरक्षित स्टॉक का वितरण संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशानुसार ही किया जाएगा। बिना अनुमति के आरक्षित ईंधन का उपयोग अथवा वितरण प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधितों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आपात परिस्थितियों में आवश्यक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति बनी रहे।

### रोजगार मेला में 74 युवाओं का चयन

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश एवं मार्गदर्शन मेंलाईवलीहुड कॉलेज में जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिले भर से कुल 103 बेरोजगार युवाओं ने हिस्सा लिया और अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। नियोक्ताओं द्वारा शैक्षणिक योग्यता और साक्षात्कार के आधार पर युवाओं का सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया। कुल 74 युवाओं का विभिन्न पदों के लिए प्राथमिक चयन किया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा की इस पहल से जिले के चयनित युवाओं के लिए स्वावलंबन और उज्ज्वल भविष्य के द्वार खुले हैं।

### नवोदय विद्यालय में टुकेश्वरी का चयन

**मगरलोड।** शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला करेली बड़ी की



छात्रा टुकेश्वरी साहू पिता हेमंत कुमार साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। प्रधानपाठक रत्ना ग्वाल ने उनका गुलाल और पुष्प से स्वागत किया। वरिष्ठ शिक्षक श्री पटेल ने उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि पर चर्चा की। उनके माता-पिता की तत्परता एवं समर्पण का उल्लेख किया। नवोदय परीक्षा की पूर्व तैयारी एवं आने वाली कठिनाई के निदान के बारे में बताया। शिक्षक मुकेश कुमार साहू, संतोष कुमार साहू ने भी अपने विचार रखे। टुकेश्वरी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया।

## निधन

### रामचंद्र साहू

**मगरलोड।** ग्राम भरदा निवासी एवं पंचायत सचिव रामचंद्र साहू उम्र 58



वर्ष का निधन 20 मार्च शुक्रवार को हो गया। वे अपने पत्नी, पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकगण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### श्रीमती केकती साहू

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड निवासी श्रीमती केकती साहू 63 का निधन 21 मार्च शनिवार को हो



गया। वह पेंशनर ए सो सि ए श न तहसील शाखा मगरलोड के कार्यालय प्रभारी एवं सेनि शिक्षक कोमल सिंह साहू की पत्नी थी। वे अपने पीछे पति कोमल सिंह साहू, पुत्र अनिल साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में नगरवासी एवं सामाजिकगण उपस्थित हुए।

गंगा-जमुना तहजीब की दिखी झलक

# सादगी और सौहार्द्र के साथ मना ईद का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



पवित्र रमजान माह की इबादत के बाद कुरुद नगर में ईद-उल-फितर का त्योहार पारंपरिक उल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। शनिवार की सुबह ईदगाह मैदान में हाफिज शेख अमानुल्लाह कादरी ने सामूहिक नमाज अदा कराई। उन्होंने अपने संबोधन में इस्लाम को अमन का पैगाम देने वाला मजहब बताते हुए मुल्क में शांति और खुशहाली की दुआ मांगी।

नमाज पश्चात मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी, वहीं नूरानी यंग वेलफेयर कमेटी द्वारा सभी को मीठी सेवइयां खिलाई गईं। इस मौके पर कुरुद की गंगा-जमुना तहजीब जीवंत हो उठी। विधायक अजय चन्द्राकर ने आधुनिक माध्यमों से बधाई प्रेषित की, जबकि उनके प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महिम शुक्ला और पार्षद मनीष साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के साथ खुशियां बांटीं। नपा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की ओर से कब्रिस्तान में सीसी रोड और सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू कराने की घोषणा भी की गई।

शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाते हुए आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष सलामत अशरफी ने एक रोटी कम खाओ, बच्चों को जरूर पढ़ाओ अभियान के तहत बच्चों को कलम और टॉफी भेंट की। कार्यक्रम में 10 दिनों तक ऐतेकाफ में बैठे ताहिर रज़ा का समाज प्रमुख अय्यूब खान, गफ्फार हलारी व अन्य वरिष्ठों ने इस्तकबाल किया। इस दौरान हाजी सै. हसन अली, सुलेमान हलारी, शेख बब्बू, हकीम खान, लतीफ उस्मानी, जमाल रिजवी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। अंत में सभी ने कब्रिस्तान और मजार पहुंचकर मरहूमीन के हक में फातेहा पढ़ी।

## कचना में लोककला महोत्सव की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

त्रिदेव लोक महोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 20, 21 एवं 22 मार्च को गौठान चौक बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कलश शोभायात्रा ने गली भ्रमण किया। स्थानीय राऊत नाचा आकर्षक का केन्द्र रहा।

प्रथम दिवस दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि श्रीमती शारदा देवी साहू ने किया। अध्यक्षता धर्मेंद्र ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि नोहर मारकंडे अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति, घनाराम साहू पटेल, श्रीमती गुलेश्वरी चैनू साहू उपसरपंच, संतराम साहू उपाध्यक्ष, शिशुपाल सेन उपाध्यक्ष, झामु चक्रधारी, रुद्रप्रताप सचिव, डोमेंद्र ध्रुव सहसचिव, अलखराम साहू प्राधिकृत अधिकारी, आशीष रात्रे, कामता साहू, कुमार साहू, गंगाप्रसाद मारकंडे, वीरेंद्र सोनवानी, चोवा राम साहू, पुनऊ चक्रधारी, चम्मन निषाद, कीर्तन टंडन, उत्तरा यादव, चित्रसेन मानिकपुरी थे। स्थानीय भजन संध्या मंडली कचना, रामायण, पंडवानी, रामधुनी, जस झांकी, नाचा एवं फाग की प्रस्तुति हुई। आज कार्यक्रम का समापन होगा। रात्रि में मां के ममता लोक नाचा पार्टी ग्राम कायाबांधा सोनपैरी की प्रस्तुति होगी।

# सुभाषचन्द्र बोस चौक का होगा सौंदर्यीकरण, नई प्रतिमा लगेगी

■ पीआईसी की बैठक में 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



नगर पालिका परिषद में सातवीं पीआईसी बैठक अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर विकास से जुड़े 11 बिंदुओं पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में नगर के सभी वार्डों में सड़क, नाली निर्माण व मरम्मत, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए 2 करोड़ रुपये से अधिक की निविदाओं को स्वीकृति दी गई। इससे शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। नगर सौंदर्यीकरण के तहत केनाल रोड स्थित चन्द्राकर भवन के सामने छत्रपति शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने और चौक को विकसित करने का निर्णय लिया गया। वहीं तहसील कार्यालय के पास सुभाषचन्द्र बोस चौक का सौंदर्यीकरण कर नेताजी की नई आकर्षक प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ग्रीष्मकालीन जल संकट से निपटने के लिए बोर खनन, छोटी पानी टंकी निर्माण और अन्य आवश्यक पेयजल कार्यों को भी मंजूरी दी गई। बैठक में नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष देवव्रत साहू सहित सभी सभापति, जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि कुरूद में विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### कुण्डेल की रेशमी का नवोदय में चयन

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला कुण्डेल से रेशमी साहू पिता रोशन लाल साहू का नवोदय विद्यालय कुरुद के लिए चयन हुआ हैं। अब तक विद्यालय से 12 बच्चों का नवोदय और 3 बच्चों का जवाहर उत्कर्ष विद्यालय के लिए हुआ है।



रेशमी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादाजी बसंत साहू, माता-पिता और शिक्षक को दिया। इस उपलब्धि पर प्रधानपाठिका संतोषी साहू, जितेन्द्र कुमार पाल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गुहलेद साहू, रामकुमार यादव, पवन कुमार सेन, रूपराम साहू, शंकर लाल साहू, उपसरपंच मुकेश, कुमार यादव, सरपंच दशोदा साहू, कौशल साहू, महेश्वर साहू, उमेश साहू, ढालू राम साहू हर्ष जताया है।

# प्रतिभागियों और दर्शकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए

■ जिला प्रशासन ने किया नौकायन प्रतियोगिता का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला प्रशासन द्वारा गंगरेल में नौकायन तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत धमतरी सीईओ वर्षा रानी चिकन जूरी ने प्रस्तावित आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य प्रतियोगिता से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का मूल्यांकन कर उन्हें समय रहते दुरुस्त करना था ताकि प्रतिभागियों एवं दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने स्थल की साफ-सफाई, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, मेडिकल सुविधाएं, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग स्थल एवं यातायात प्रबंधन सहित विभिन्न बिंदुओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं और उनमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों और दर्शकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट, प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती, रेस्क्यू बोट की उपलब्धता, पुलिस बल की मुस्तैदी एवं आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सीईओ जिला पंचायत ने रेस ट्रैक की स्पष्ट मार्किंग एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों का सम्मान

■ झिरिया धोबी समाज धमतरीराज का वार्षिक अधिवेशन रांकाडीह में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



झिरिया धोबी समाज धमतरी राज का वार्षिक अधिवेशन मधुबन धाम रांकाडीह में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम रहीं। समाज के वार्षिक क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों को प्रशस्त्रि पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

विधायक अंबिका मरकाम ने संत गाडगे के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक बुराइयों को दूर करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का बखान किया। उन्होंने ग्राम पठार में धोबी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने व ग्राम लुगे तथा मधुबनधाम में किचन शेड निर्माण की घोषणा की।

मौके पर पार्षदगण खिलावन साहू, चेतन बिंझेकर, सामाजिक पदाधिकारी भरत निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, बीरज निर्मलकर, प्रमोद निर्मलकर, टीकम निर्मलकर, रामनारायण निर्मलकर, टुकेश निर्मलकर, हीरासिंग निर्मलकर, नारायण निर्मलकर, मस्तराम निर्मलकर, रोशन निर्मलकर, ऋषि निर्मलकर, चेतनलाल, सुंदरलाल, लीलाराम, उदय निर्मलकर सहित स्वजातीयजन उपस्थित थे।

## 8वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

समाधान एकेडमी अंग्रेजी माध्यम स्कूल करेली बड़ी में 20 मार्च को स्कूल स्थापना दिवस पर विदाई समारोह आयोजित कर कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। छात्र-छात्राओं ने स्कूल में मिली शिक्षा और शिक्षकों के योगदान को बताया। हेडमास्टर सीएम साहू ने छात्र छात्राओं को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

# कुर्रा में 12.78 लाख से बनेगा गोदाम, भूमिपूजन

■ फसलों के सुरक्षित भंडारण से किसानों को उचित मूल्य मिलेगा : रामू रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम कुर्रा (बागतराई) में गोदाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। मंडी बोर्ड द्वारा स्वीकृत 12.78 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस गोदाम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने किया। अध्यक्षता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि अमन राव अध्यक्ष भाजपा मंडल रांवा, महेश राम यदु ग्राम पटेल मड़ाईभाठा, बिसौहाराम साहू ग्राम पटेल बागतराई, देहूति साहू सदस्य जनपद पंचायत एवं परमेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष सोसायटी तरसीवां थे। श्री रोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह गोदाम किसानों के लिए वरदान साबित होगा। फसलों के सुरक्षित भंडारण की सुविधा मिलने से किसानों को उचित मूल्य मिलेगा और नुकसान की संभावना कम होगी। यह गोदाम केवल एक भवन नहीं, बल्कि किसानों की आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती का आधार बनेगा। मौके पर मुरारी यदु, पुष्पा ठाकुर, चन्द्रेश चांद, शांतनु राव, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सहकारिता से किसानों की आय में होगी वृद्धि : गौकरण

■ 21 समितियों में 200 मेट्रिक टन क्षमता वाले खाद गोदाम निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी



किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन मंडी बोर्ड द्वारा धमतरी एवं शाखा संबलपुर अंतर्गत 21 समितियों में 200 मेट्रिक टन क्षमता वाले खाद गोदाम निर्माण हेतु 2 करोड़ 68 लाख 38 हजार रुपये की स्वीकृति पर भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा रहे, जबकि अध्यक्षता अभिनेश कश्यप ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू, नेहरू निषाद अध्यक्ष राज्य पिछड़ा आयोग, मोनिका देवांगन जिला पंचायत सदस्य सभापति, अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी, मिश्री लाल पटेल मंडल अध्यक्ष , अमन राव मंडल अध्यक्ष , बालाराम साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ,श्रीमती मंजू चंद्राकर सरपंच संबलपुर थे। कार्यक्रम की शुरुआत संबलपुर स्थित धान उपार्जन केंद्र में भूमिपूजन से हुई, इसके बाद चना खरीदी का शुभारंभ भी किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास ने किसानों को बैंक एवं समितियों की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि निरंजन सिन्हा ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि होगी और समितियों को मजबूत बनाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, समिति प्रतिनिधि एवं बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन नरेंद्र कुमार साहू ने किया।

करेली बड़ी में कबीर सत्संग सुनने पहुंच रहे श्रद्धालु

# जिनका मन शांत है, वही संत हैं : धर्मेंद्र साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



नगर पंचायत करेली बड़ी के साहू सामाजिक भवन में सदगुरु कबीर सत्संग समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से कबीर सत्संग का आयोजन 20 से 22 मार्च तक किया गया है। प्रवचनकर्ता धर्मेंद्र साहेब प्रयागराज इलाहाबाद ने संस्कार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने जीवन को शोधना संस्कार है। बिना छल छिद्र के संतों से मिलने जाना चाहिए। अपने से बड़ों का सम्मान करना चाहिए। हर बच्चों की पहली पाठशाला घर होती और गुरु मां। साधुओं की संगति करनी चाहिए। साधु का अर्थ सुंदर, बढ़िया, उत्तम है। आगे कहा कि जिसका व्यवहार कर्म, आचरण मन, सुंदर है वही साधु है। जिनका मन शांत है, वही संत हैं। हमारे शरीर के अंदर जो शांति है वही हमारी मां है। घर ही सबसे बड़ा मंदिर है। स्वर्ग और नर्क जीते जी मिलता है। सत्संग ज्ञान यज्ञ है और यही सबसे बड़ा और पवित्र यज्ञ है। आगे कहा कि सात्विक भोजन करने से मन शुद्ध रहता हैं। तामसिक भोजन से मन अशांत रहता है। उन्होंने कबीर के बताए मार्ग पर चलने प्रेरित किया।

प्रवचन सुनने शेषनारायण साहू, नारायण साहू, चंद्रहास साहू, कृपाराम साहू, रामदयाल साहू, द्विजराम साहू, मनबोध साहू, हृदय राम, चूड़ामणि साहू, नारद राम, धनंजय साहू, अश्वनी साहू, तकेश्वर, द्रौपदी साहू, सरस्वती साहू, चित्ररेखा साहू, फेकन साहू ,फुलेशर साहू, माधुरी साहू उपस्थित थे।

# अंवरी में मनाई गई कर्मा जंयती

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी





ग्रामीण साहू समाज अंवरी एवं परिक्षेत्र साहू समाज दरबा ( बिरेझर) के तत्वावधान में भक्त कर्मा माता की महा आरती एवं वार्षिक सम्मेलन रखा गया। ग्रामीण साहू समाज की महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष गणेशराम साहू ने कहा कि समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए। आगे कहा कि आज बच्चे नशाखोरी में बिगड़ते जा रहे हैं। उसे समाज की ओर जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। कृष्णकांत साहू तहसील अध्यक्ष कुरूद ने कहा कि सामाजिक नियमावली का पालन करें ताकि समाज में अच्छा संदेश जा सके। रात्रि में होने वाले कार्यक्रम से लड़ाई झगड़ा होने का खतरा बना रहता है, उसे दूर करें।

मौके पर दुर्गा साहू, लेखराम साहू, गायत्री साहू , कुलदीप साहू, भुनेश्वर साहू, नंदिनी साहू ,रामचंद्र साहू, विश्वनाथ साहू, संतराम साहू, कमलेश साहू, केजराम साहू, नागेश्वर साहू, जीवनलाल साहू समेत संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### 15 साल की हिना बनी धमतरी की सुर सरिता



**धमतरी।** महज 15 वर्ष की उम्र में ग्राम मुड़पार की हिना निषाद ने कविता लेखन, गायन, वादन और संगीत के क्षेत्र में अपनी अद्भुत प्रतिभा का लोहा मनवाया है। छोटी उम्र में ही उन्होंने अपनी कला के दम पर धमतरी सहित महासमुंद, राजिम, कुरूद और कोरबा जैसे स्थानों पर शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया है। हिना वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर रुद्री की छात्रा हैं, जहां उन्होंने लेखन, गायन और वादन में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई पुरस्कार अपने नाम किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, ग्रामीणजन और स्कूल स्टाफ गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। पिता सूरजपाल निषाद और माता यामिनी निषाद ने बेटी की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निषाद समाज द्वारा भी हिना को सम्मानित किया जा चुका है।

### उपसरपंच संघ के माधवेंद्र बने अध्यक्ष



**धमतरी।** बुधवार को धमतरी विकासखंड के उपसरपंचों की बैठक हुई। सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत कलारतराई के उपसरपंच माधवेंद्र साहू को उपसरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष प्रतिभा साहू, नोमेश सिन्हा, जतिन साहू, शुभम साहू, आफताब खान व सचिव मनीष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष विनोद डिंडोरकर, सहसचिव खिलेंद्र साहू, टुमेश्वरी नेताम, अजय मेहता, विशेष सलाहकार गोवर्धन साहू, अरमान खान, हबीब मोहम्मद, देवनारायण साहू, मिलन साहू बनाए गए। अध्यक्ष माधवेंद्र ने संगठन के सभी लोगों को एकजुट कर उपसरपंचों के हक की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ने एवं ग्राम पंचायतों को विकसित बनाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर हलधर चंद्राकर, तातेश्वर साहू, चंपा लाल साहू, ज्योतिबा खरे, मनोज गौतम, दाऊलाल यदु, हमेलाल बंजारे, रोहित तारम, विनोद नेताम उपस्थित थे।

### विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए भखारा के कांग्रेस कार्यकर्ता



**अंवरी।** विधानसभा घेराव कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के कार्यकर्ताओं ने भी भागीदारी निभाई। ब्लॉक अध्यक्ष होमेन्द्र साहू ने बताया कि इस घेराव कार्यक्रम में मनरेगा, बढ़ती महंगाई, एलपीजी बिजली दरों में वृद्धि, किसानों से जुड़े मुद्दे और कानून व्यवस्था जैसे विषयों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के कार्यकर्ता भी इस आंदोलन में शामिल हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को बुलंद किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे आम जनता से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेंगे। मौके पर नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा देवी साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजू साहू, गोविन्द साहू, पार्षद मेघराज साहू, भानु गायकवाड़, मंडल अध्यक्ष संतोषी निषाद, राजा बंजारे, गैन्दलाल साहू, प्रमोद सिन्हा, जनपद प्रतिनिधि बीरेंद्र साहू, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मीना साहू, सरपंच सुशीला निर्मलकर, लेखराम यादव, मनोज समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### जिले में मधुमक्खी पालन की व्यापक संभावना



**धमतरी।** कृषि विज्ञान केन्द्र में 16 से 22 मार्च तक मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. ईश्वर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक ने किया। नोडल अधिकारी डॉ. शक्ति वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को मधुमक्खी पालन की जानकारी, पालने योग्य मधुमक्खी जाति, उपकरण, मोम, पालन से शहद के अतिरिक्त परागकण, मधुमक्खी विष, प्रोपोलिश का बाजार मूल्य, मधुमक्खी पालन का महत्व एवं जिले में मधुमक्खी पालन की संभावना पर जानकारी दी। कार्यक्रम में 25 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। डॉ. अमित कुमार सिन्हा शहद तथा मोम के प्रसंस्करण पर जानकारी दे रहे हैं। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे द्वारा मछली सह मधुमक्खी पालन एवं लाभ के विषय में जानकारी दी जायेगी। डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी द्वारा मधुमक्खी पालन हेतु उपयुक्त फूलों तथा सब्जियों की खेती तथा डॉ. नेहा गावड़े द्वारा मृदा स्वास्थ्य, रीतिका ठाकुर द्वारा मधुमक्खी पालन में होने वाले रोग के विषय में जानकारी दी जायेगी।

### सर्व ब्राम्हण समाज ने किया प्याऊ घर का शुभारंभ



**धमतरी।** इस वर्ष भी राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की महिला मंच इकाई द्वारा जन सेवा की भावना से अंचल की आराध्य देवी मां विन्ध्यवासिनी मंदिर के पास जय मां विन्ध्यवासिनी जल सेवा प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान एवं समाज के वरिष्ठ पंडित जनकप्रसाद शर्मा ने उद्घाटन किया। सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच प्रमुख बरखा शर्मा ने बताया कि हमारा संगठन निरंतर रचनात्मक कार्यों में अपनी महती भूमिका निभा रहा है। मौके पर अर्चना पांडेय, सीमा चौबे, रत्नावली मिश्रा, हेमलता शर्मा, सुशीला शर्मा, प्रीति द्विवेदी, शहर अध्यक्ष अंकिता मिश्रा, सपना पांडेय, प्रतिमा पांडेय, लक्ष्मी शर्मा, दीप शर्मा, देवेन्द्र मिश्रा, डिगेश शर्मा, पीयूष पांडेय, नारायण दुबे, सुभाष शर्मा, निशांत शर्मा, ननकू महराज, आकाश शर्मा उपस्थित थे।

### चोरी की लकड़ी से पक रही ईंटें, शासन को लाखों का नुकसान

# धमतरी में धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईंट भट्ठे



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। कई गांवों में बिना किसी अनुमति के खुलेआम ईंट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे शासन को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

जानकारी के अनुसार ईंट भट्ठा संचालित करने के लिए खनिज विभाग और पर्यावरण विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य होता है तथा नियमानुसार रॉयल्टी का भुगतान भी करना पड़ता है। इसके बावजूद कोलियारी, अमेठी, दर्री, खरेंगा, दोनर, करेठा, रुद्री, मुड़पार, अछोटा सहित सैकड़ों गांवों में बस्तियों के बीच और सड़क किनारे अवैध रूप से ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। इन भट्ठों में बड़ी मात्रा में लाल ईंट का निर्माण किया जा रहा है और ट्रैक्टरों के माध्यम से उनकी खुलेआम ढुलाई भी की जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार इन अवैध भट्ठों से निकलने वाला धुआं, राख और धूल आसपास की बस्तियों में फैल रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सड़क किनारे संचालित भट्ठों से उड़ने वाली धूल कई बार राहगीरों की आंखों में चली जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। सबसे गंभीर बात यह सामने आ रही है कि इन भट्ठों में जंगलों से अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों का उपयोग ईंट पकाने में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय में जंगलों से चोरी-छिपे लकड़ियां काटकर भट्ठों तक पहुंचाई जाती हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पारंपरिक रूप से कुम्हार समाज को सीमित मात्रा में ईंट और मिट्टी के बर्तन बनाने की छूट होती है, लेकिन कुछ प्रभावशाली लोग इसी छूट का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर अवैध ईंट निर्माण का धंधा चला रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे ब्लॉक में संचालित ईंट भट्ठों की जांच कराई जाए और बिना अनुमति चल रहे भट्ठों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध कारोबार पर रोक लग सके और शासन को हो रहे राजस्व नुकसान को रोका जा सके।

## माता कर्मा का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक : लेखराम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम सिलौटी में भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति और समाज कल्याण के प्रति समर्पित रहा है, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि सच्ची श्रद्धा और परिश्रम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। रैली में महिलाएं एक समान वेशभूषा में शामिल हुईं। उन्होंने भविष्य में पुरुषों से भी एकरूपता के साथ परिवार सहित भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सरपंच अनिल शिंदे, विजय साहू, श्यामू साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## नवोदय में बिरेतरा स्कूल के दो छात्रों का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला बिरेतरा के दो प्रतिभाशाली छात्रों ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में सफलता प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया। चयनित विद्यार्थियों में नकुल कुमार साहू पिता चन्द्रहास साहू एवं अजय कुमार साहू पिता हिकेश्वर साहू शामिल हैं।

इस उपलब्धि के पीछे शाला की प्रधानपाठक श्रीमती अमिता साहू, कक्षा शिक्षक संदीप कुमार नायक एवं मार्गदर्शिका श्रीमती दामिनी साहू का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने नियमित अध्ययन के साथ अतिरिक्त तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया।

इस उपलब्धि पर सरपंच श्रीमती धनेश्वरी ध्रुव, संकुल प्राचार्य गेवाराम नेताम, संकुल समन्वयक हेमंत सोनकर, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक देवेन्द्र सिन्हा, वरिष्ठ शिक्षक संजय सेन एवं दिनेश साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बसंत साहू, शिक्षाविद विनेश्वर साहू सहित ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है।

## स्वर्णकार समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार समाज भवन कोष्टापारा में स्वर्णकार समाज का होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि पार्षद कोमल सार्वा एवं कुलेश सोनी, समाज अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी ने श्रीकृष्ण की आरती की। अन्य अतिथि भरत सोनी, नंदकिशोर सोनी, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, दिनेश सोनी, कन्हैया सोनी, श्रीमती डॉली सोनी, श्रीमती रीता सोनी, श्रीमती ऊषा सोनी भी मंचस्थ थे। अतिथियों का कमलेश सोनी, छबिन्द्र सोनी, राजेन्द्र सोनी, बाली सोनी, गिरिराज सोनी ने पुष्पहार से स्वागत किया। डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने कविता पाठ किया। पार्षद कोमल सार्वा ने समाजजनों को नगर निगम की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात गुलाल एवं फूलों की होली खेली गई। मंच संचालन घनाराम सोनी ने किया। कार्यक्रम में राजेन्द्र, अखिलेश बालकिशन सोनी, बसंत सोनी, विशाल सोनी, श्रीमती गीता सोनी, माधुरी सोनी, शशि सोनी, कुमुद सोनी, अन्नू सोनी, संजू सोनी, इन्द्राणी, रेखा, रेणु सोनी, राजकुमारी सोनी, सुनीता सोनी, पद्मिनी सोनी, सीमा सोनी, ऊषा सोनी, दुर्गा सोनी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## भगवान को पाने इंसान को मक्खन जैसे श्वेत बनना होगा : देवेश तिवारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम परसाबुड़ा में भागवत महापुराण का गीता पाठ और पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर 10 से 18 मार्च तक भागवत महापुराण का आयोजन किया गया। भगवताचार्य देवेश तिवारी जतमई थे। भगवताचार्य ने पूरे सात दिवस भागवत महापुराण के माध्यम के भक्ति का अलख जगाया और बताया कि भक्ति एक मात्र माध्यम है। इस मृत्यु लोक के जीवन मरण से मुक्ति पाने के लिए मानव को जीवन में एक ही उद्देश्य रखना चाहिए। भक्ति से भगवान को पाने के लिए इंसान को मक्खन जैसे श्वेत और नरम, विनम्र होना चाहिए। इस आयोजन में दिलीप महाराज, एसकुमार साहू, संतोषी साहू, टीकूराम साहू, द्रौपदी साहू, फागुराम साहू, फूलबती साहू, मोहन साहू, डेरहीन साहू, बेनूराम साहू, रोहित साहू, रोशन साहू, देवकुमार साहू सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## एनएसई लेवल-1 परीक्षा में 115 छात्र सफल

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय वित्तीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। प्राचार्य डॉ. विनोद पाठक के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष निरंजन साहू के निर्देशन में यह आयोजन हुआ। टैलेंट स्किल्स वार्सिटी से आए मुख्य प्रशिक्षक रोहित खेत्रपाल ने छात्रों को 20 घंटे का सघन प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान बैंकिंग ऑपरेशंस, निवेश उत्पाद, रिस्क प्रोफाइलिंग और केवाईसी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही म्यूचुअल फंड, एसआईपी, एसडब्ल्यूपी, कैपिटल मार्केट, आईपीओ तथा फंडामेंटल और टेक्निकल एनालिसिस जैसे विषयों को भी सरल तरीके से समझाया गया। छात्रों को शेयर ट्रेडिंग में भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण के बाद आयोजित एनएसई लेवल-1 परीक्षा में 115 छात्रों ने सफलता प्राप्त की और अब वे लेवल-2 के लिए पात्र हो गए हैं। इस उपलब्धि से छात्रों के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

## जरूरतमंद महिलाओं को अन्न-वस्त्र का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आदिवासी बाहुल्य नगरी क्षेत्र में संचालित द कम्पिटिशन एकेडमी नगरी द्वारा पिछले चार-पांच वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। संस्था द्वारा सीजी पीएससी (प्री एवं मेन्स), व्यापम, एसएससी, रेलवे, प्री-बीएड, प्री-डीएड सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बीपीएल एवं अंत्योदय कार्डधारी विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत शुल्क छूट के साथ मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, ताकि सभी वर्ग और समुदाय के विद्यार्थी अपनी मंजिल की ओर आगे बढ़ सकें।

शिक्षा के साथ-साथ संस्था सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तथा सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था द्वारा नगर में वृद्ध, बुद्धिजीवी, निराश्रित, परित्यक्ता एवं विधवा महिलाओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया। इस दौरान आवश्यकता अनुसार महिलाओं को अन्न एवं वस्त्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में अलका साव सहित इंदु फ्यूचर विंग्स फाउंडेशन के सदस्यों ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

## स्वास्थ्य सुरक्षा को मिला नया संबल



■ युवाओं के स्वच्छता अभियान से गांव बना मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम बलियारा में ग्रामीण युवाओं ने स्वच्छता की मिसाल पेश करते हुए पूरे गांव में व्यापक सफाई अभियान चलाया। ग्रामीण युवा विकास समिति ने ग्राम पंचायत और ग्राम विकास समिति के सहयोग से स्कूल परिसर, नया तालाब किनारा, मंदिर-देवालय, बाजार चौक और शासकीय भवनों की साफ-सफाई की। तालाब किनारे जमा डिस्पोजल सामग्री और कचरे को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया गया। इस अभियान का उद्देश्य गांव में स्वच्छ वातावरण बनाना और संक्रामक बीमारियों के खतरे को कम करना रहा। साफ-सफाई से मच्छरों के प्रकोप में कमी आएगी और ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। साथ ही समिति द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इस अवसर पर सरपंच चुम्मन कंवर, अध्यक्ष पन्ना लाल साहू, चंद्रप्रकाश, कुलदीप साहू, गंगाधर, ऐश कुमार साहू, कुलेश्वर निर्मलकर, तुका कंवर, शांतनु साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है : ज्योति



■ पूर्व पार्षद के न्योता भोज में शामिल हुईं नपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

महावीर चौक स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक पाठशाला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन शामिल हुईं। यह आयोजन पूर्व पार्षद भारती साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरा बच्चों को खीर, पूरी, फलाहार एवं मिठाई वितरित की गई, जिससे बच्चों में खासा उत्साह, प्रसन्नता देखने को मिला। इस अवसर पर ज्योति जैन ने विद्यालय को भारत माता का आकर्षक चित्र भेंट किया तथा शिक्षकों का सम्मान भी किया।

ज्योति जैन ने अपने उद्बोधन में बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

पूर्व पार्षद भारती साहू ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों का विशेष महत्व है और समाज को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सहयोग करना चाहिए। प्रधानपाठक दिलीप कुमार देशलहरे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में उत्साह बढ़ता है और विद्यालय के प्रति उनका जुड़ाव मजबूत होता है। कार्यक्रम में श्रीमती उषा साहू, येगेन साहू, मोहित साहू, कामेश साहू एवं रसोइया समूह सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## कॉलेज छात्रों ने स्टार्टअप की नई सोच विकसित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कॉलेज छात्र-छात्राओं ने स्टार्टअप के नए-नए आइडिया दिए। इस दौरान छत्तीसगढ़ी खानपान पर प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। छात्र-छात्राओं द्वारा कई छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्टाल लगाया।

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिनी स्टार्टअप एग्जीबिशन कम्पिटिशन तथा कल्चरल कंजर्वेशन कुजीन ऑफ छत्तीसगढ़ विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल, नवाचार, रचनात्मकता और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने अभिनव स्टार्टअप आइडियाज प्रस्तुत किए तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। प्राचार्य डॉ वीके पाठक ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, व्यावहारिक ज्ञान और स्थानीय संसाधनों के महत्व को समझने का अवसर मिला। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ सरला द्विवेदी ने बताया कि प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, खानपान की विविधता और लोक परंपराओं की झलक देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बना। मिनी स्टार्टअप एग्जीबिशन में प्रथम स्थान घनेश्वरी (एमए द्वितीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान हर्षिता साहू (एमए चतुर्थ सेमेस्टर) तथा तृतीय स्थान गुंजन साहू (एमए चतुर्थ सेमेस्टर) को प्राप्त हुआ।

वहीं कुजीन ऑफ छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एकता देवांगन (एमए द्वितीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान लव कुमार (एमए द्वितीय सेमेस्टर) और तृतीय स्थान गोपेश कुमार (एमए चतुर्थ सेमेस्टर) ने हासिल किया। निर्णायक डॉ. चंद्रिका साहू, डॉ. हेमवती ठाकुर, श्रीमती ग्रेस कुजूर, श्रीमती रीता लकरा, श्रीमती जयश्री पंचाजम, डॉ. तामेश्वरी साहू एवं श्रीमती नीता मित्तल थे। कार्यक्रम में डॉ. पल्लवी महतो, भूपेंद्र साहू, श्रीमती निशा तिवारी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खर्रा में तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान का हुआ समापन

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में शिवशंकर मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय मानसगान एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन 14, 15 एवं 16 मार्च को रखा गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। भगवान श्रीराम के भजनों से खर्रा ग्राम राममय हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ने अपने उद्बोधन में भगवान श्रीराम के आदर्शों का बखान किया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम बजरंग मानस मंडली सेनचुवा 2001 रुपए, द्वितीय राधे कृष्णा मानस परिवार धौंराभाटा 1801 रूपये, तृतीय स्वरागिनी मानस परिवार रौना अर्जुंदा 1601 रुपए, चतुर्थ सत्यम शिवम सुंदरम कोल्हा भिलाई 1401 रुपए, पंचम शिव मानस परिवार मानपुर मोहला को 1201 रुपए से पुरस्कृत किया गया।

## अंचल की खबरें

### संत कबीरदास के विचार आज भी प्रासंगिक



**धमतरी।** करेली बड़ी में कबीर सत्संग का आयोजन किया गया है। सत्संग सुनने पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू भी पहुंचे। सत्संग सुनने के बाद अपने उद्बोधन में श्री साहू ने कहा कि संत कबीरदास के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है। हमें अंधविश्वास, लालच और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 30 को



- कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने भाजपा मंडल रांवा की हुई बैठक

**धमतरी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भाजपा रांवा मंडल के अध्यक्ष अमन राव के नेतृत्व में ग्राम जुनवानी के कर्मा भवन में बैठक हुई। प्रशिक्षण वर्ग को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आवास, भोजन, पंजीकरण, मंच व्यवस्था, स्वागत, अतिथि सत्कार, स्वतंत्रता, हितैषी एवं चिकित्सा सुविधा जैसे विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया एवं जिम्मेदारियां तय की गईं। प्रशिक्षण वर्ग 30 मार्च को दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। 31 मार्च को शाम 5 बजे समापन होगा। बैठक में महामंत्री द्वय दमयंती साहू, राकेश सिन्हा, तुलाराम साहू, बसंत मीनपाल, जागेश्वर साहू, नेहा साहू, किरण सिन्हा, प्रकृति यादव, परमेश्वर साहू, संजय साहू, राजू मीनपाल, साकेत साहू, दूजराम सिन्हा, लोकेश चन्द्राकर व वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### मॉडल स्कूल की आर्या राज्यस्तरीय प्रावीण्य सूची में प्रथम

**धमतरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2025 में जिले भर से



11528 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें माडल इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 9 वीं की छात्रा आर्या सिन्हा पिता तोमेश कुमार सिन्हा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्यस्तरीय प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, शाला तथा गायत्री परिवार को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर शाला की प्राचार्य , प्रभारी शिक्षक एवं स्टाफ, गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक प्रदीप देवांगन, सचिव एलके यादव, कोषाध्यक्ष मोहन गंजीर एवं उनके परिजनों ने हर्ष जताया है।

### परखंदा में हुआ कुंभकार समाज का वार्षिक अधिवेशन

**धमतरी।** ग्राम परखंदा में कुंभकार समाज जिला धमतरी का वार्षिक



अधिवेशन हुआ। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरुद थे। सम्मेलन में सामाजिक उत्थान पर चर्चा की गई। कुंभकार समाज के जिला पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। अध्यक्ष गगन कुंभकार धमतरी, सचिव रामसुख टिपानी, जिला कोषाध्यक्ष परशुराम प्रजापति सिवनी खुर्द, उपाध्यक्ष पुरानिक चक्रधारी नारी, सहसचिव ओमप्रकाश चक्रधारी भोथीडीह एवं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती सोनम चक्रधारी बारना चुनी गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के अध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी, महामंत्री हेमलाल कौशिक, उपाध्यक्ष आत्माराम प्रजापति, किसुन चक्रधारी समेत सामाजिकजनों की उपस्थिति रही।

### बच्चों ने जमीन, आकाश, समुद्र, जंगल, प्रकृति को अपने कैनवास पर उतारा



**धमतरी।** धीवर समाज द्वारा नवरात्रि पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है । इसी क्रम में नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन बच्चों की ड्राइंग एवं क्राफ्ट वर्क प्रतियोगिता हुई। जिसमें समाज के 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता से जमीन, आकाश, समुद्र, जंगल, नदी, पहाड़ और प्रकृति को अपने कैनवास में उतारा। धीवर समाज धमतरी परगना के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, सरकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष कृष्णा हिरवानी, आशा धीवर, डा. ओमप्रकाश मत्स्यपाल, करण हिरवानी, पवन हिरवानी, तीरथ फूटान, राजू ओझा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। चौथे दिन 22 मार्च को रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, 23 को मां दुर्गा, मां बम्लेश्वरी, मां विंध्यवासिनी एवं माता शीतला को चुनरी एवं भोग चढ़ाया जायेगा। शोभायात्रा घड़ी चौक से सायं 4 बजे निकाली जाएगी। 24 मार्च को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं 25 को बच्चों की फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता होगी।

### मुस्लिम समाज ने ईद का पर्व उत्साह से मनाया



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के ईदगाहभाठा में मुस्लिम समाज ने ईद का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। सुबह 9 बजे से ही लोगों का आना प्रारंभ हो गया था और लगभग 10 बजे सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की गई। नमाज़ अदा करने के पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर नगर एवं पूरे प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि ईद का यह पर्व हमें भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने अध्यक्ष श्री छाबड़ा को अपने घरों में सेवई खाने का निमंत्रण दिया। पूरे नगर में ईद का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज के सदर वहीद खान, उपाध्यक्ष मोनू चौहान, अनवर राजा, गुड्डू खान, भोलू खान, डंपी खान, पूर्व पार्षद जहीदुद्दीन रिजवी, सोनू चौहान, राजा अहमद सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

वार्ड ब्वाय से हुई मारपीट की घटना के बाद सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवाल

# जिला अस्पताल में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




जिला अस्पताल में रात्रिकालीन डयूटी पर तैनात एक वार्ड ब्वाय के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद से जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना अति आवश्यक हो गया है।

जिले का सबसे बड़ा शासकीय



अस्पताल 220 बिस्तर से अधिक की क्षमता के साथ मरीजों के लिए चौबीसों घंटे खुला रहता है। जहां दिन की दोनों शिफ्ट में ओपीडी मरीजों का चेकअप व उपचार के साथ आईपीडी मरीजों को वार्ड में भर्ती करने की प्रक्रिया चलती रहती है। वहीं रात्रि में एक चिकित्सक इमरजेंसी डयूटी में तैनात रहता है। गंभीर स्थिति में मरीजों को उचित उपचार के लिए अपर सेंटर रिफर कर दिया जाता है।

इसी तरह अस्पताल के वार्डों में स्टाफ नर्स भी डयूटी पर तैनात रहती है। अस्पताल में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। वहीं चौबीस घंटे सिक्युरिटी गार्ड की तैनाती रहती है। इसके बाद भी जिला अस्पताल में आए दिन मरीजों के मोबाइल व पैसों की चोरी होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। विशेषकर रात्रि में अस्पताल पहुंचने वाले मरीज या उसके अटेंडर द्वारा इमरजेंसी डयूटी कर रहे डाक्टर के साथ दुर्व्यवहार करने, अस्पताल स्टाफ व वार्ड ब्वाय के साथ मारपीट की घटना होती रहती है।

दो दिन पहले भी कुछ इसी तरह की घटना अस्पताल में नाइट डयूटी कर रहे वार्ड ब्वाय के साथ हुई है। वार्ड ब्वाय अनिरुद्ध साहू गुरुवार की रात्रि नाइट डयूटी कर रहा था। देर रात्रि झुरातराई निवासी दानेश्वर साहू कुत्ते के काट देने पर उपचार कराने अटेंडर अक्षय सोनी जालमपुर निवासी के साथ जिला अस्पताल पहुंचा। वार्ड ब्वाय मरीज को रैबीज का इंजेक्शन लगवाने वार्ड की तरफ ले जा रहा था। इसी दौरान अटेंडर मोबाइल से वीडियो बना रहा था, जिसे वार्ड ब्वाय ने मना किया। इतने में अटेंडर व मरीज आक्रोशित होकर वार्ड ब्वाय के गले को पकड़कर मारपीट की। इस तरह की घटना जिला अस्पताल में अक्सर होती रहती है। इसे देखते हुए अस्पताल की लचर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। हालांकि पीड़ित वार्ड ब्वाय की लिखित शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मारपीट करने वाले युवकों को पकड़ आगे की कार्रवाई की है जिसमें से एक युवक को जमानत मिल गई है, वहीं दूसरे को जेल भेज दिया गया है।

#### असुरक्षित महसूत करते हैं

जिला अस्पताल में आए दिन जिस तरह से डाक्टरों व स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट की घटना होती रहती है जिसे देखते हुए अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना आवश्यक हो गया है, क्योंकि अस्पताल में वार्ड ब्वाय की तरह स्टाफ नर्स भी नाइट डयूटी पर तैनात रहती है। इन घटनाओं से विशेषकर नाइट डयूटी करने वाले स्टाफ व डाक्टर्स असुरक्षित महसूत करते हैं। कुछ माह पहले जिला अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने सशक्त सुरक्षा गार्ड की तैनाती की बात कही थी लेकिन अब तक अमल नहीं हो पाया है। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन ने रात्रि में पुलिस बल को तैनात करने के लिए पत्राचार करने की बात कही है।

## हाईस्कूल मैदान अब दूधिया रोशनी से जगमगाया

- नपं अध्यक्ष के प्रयास से हाईमास्ट लाइट स्थापित, सुरक्षा और सुविधाओं में हुआ विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगर पंचायत नगरी का हाईस्कूल खेल मैदान, जो लंबे समय से अंधेरे और असामाजिक गतिविधियों के कारण चर्चा में रहता था, अब पूरी तरह से बदल चुका है। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छबड़ा के विशेष प्रयास से मैदान में 4 हाई मास्टलाइट लगाई गई है, जिससे पूरा परिसर दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है।

पहले जहां रात होते ही मैदान में सन्नाटा और भय का माहौल बन जाता था, वहीं अब शाम ढलते ही यहां रौनक लौट आई है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में पहुंचकर मॉर्निंग व इवनिंग वॉक के साथ खेल गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। इससे न केवल खेल को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि लोगों को एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण भी मिल रहा है।

अध्यक्ष बलजीत छबड़ा ने अपने कार्यकाल में नगर के प्रमुख स्थानों को रोशन करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में हाईस्कूल मैदान के साथ-साथ वार्ड क्रमांक 2 जंगलपारा स्थित स्कूल परिसर, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल, राजाबाड़ा अटल परिसर, वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 के रावणभाठा क्षेत्र में भी हाईमास्ट लाइट लगाई गई है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 15 स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में नवरात्रि से पूर्व विशेष प्रकाश व्यवस्था कर श्रद्धालुओं के लिए भव्य वातावरण तैयार किया गया है।

हाईमास्ट लाइट के शुभारंभ अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, लोक निर्माण विभाग सभापति अश्वनी निषाद, स्वास्थ्य विभाग सभापति शंकर देव, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पार्षद उपस्थित थे। सभी ने पूजा-अर्चना कर इस कार्य का शुभारंभ किया।

## निराई में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए

- वन के बिना हमारी जीवनशैली अधूरी है: श्रीकृष्ण जाधव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



दुनिया भर में तेजी से कम होते वनक्षेत्रों, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने वनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाने की शुरूआत की। पहली बार 21 मार्च 2013 को विश्व स्तर पर मनाया गया था। इस मौके पर भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर इसे मनाये जाने के निर्देश प्रसारित किये गये हैं, जिसमें एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्थानीय समुदायों, स्कूलों और संस्थाओं को शामिल करते हुए बड़े पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करना है। राज्यपाल के उपसचिव डॉ. रूपेन्द्र कवि और उनकी पत्नी सोनिका कवि ने दुगली में ग्रामीणों व वन अमलों के साथ अपनी सहभागिता दर्ज करते हुए एक पेड़ मां के नाम एक-एक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित पहल को बढ़ावा दिया। उन्होंने दुगली क्षेत्र का भ्रमण कर स्थानीय वन संपदा, पर्यावरण पहल और विकास गतिविधियों का सकारात्मक निरीक्षण किया और पौधरोपण को पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

जिला स्तर पर वनमंडल धमतरी अंतर्गत वन परिक्षेत्र उत्तर सिंगपुर के ग्राम मोहेरा के आश्रित ग्राम निराई में स्थानीय समुदायों के साथ पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पर चांदनी, गुड़हल, झारूल, बेल, कैथ, पीपल, सल्फी, आम, सिंदूरी, बालमखीरा, सोयनाक, फ्रेंडरी, कटहल, काजू, नीम तथा जंगली मुनगा के पौधे लगाये गये । वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने कहा कि वन मनुष्य जीवन का अनिवार्य अंग है, इसके बिना हमारी जीवनशैली अधूरी है। स्वच्छ वातावरण निर्माण के लिए एक पेड़ लगाना चाहिए तथा उसका संरक्षण भी करना चाहिए। पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि आम आदमी का पेड़ों के साथ भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा दिया जा सके। मौके पर वन परिक्षेत्र अधिकारी पंचराम साहू, डिप्टी रेंजर जितेन्द्र सोनी, जनपद सदस्य, सरपंच मोहेरा समेत ग्रामीणजन एवं वन अमला मौजूद रहे।

## भाजपा एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है



- भाजपा मंडल नगरी द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा मंडल नगरी द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन महापौर रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस की उपस्थिति में हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति और संगठनात्मक संरचना की गहन जानकारी देना था, ताकि वे जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। विभिन्न सत्रों में अनुभवी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को भाजपा के इतिहास, सिद्धांतों, संगठन विस्तार की रणनीति तथा जनसेवा के मूल मंत्र से अवगत कराया।

वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में एक जागरूक और प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत होता है। आगे कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करें, अधिक से अधिक लोगों से जुड़ें और समाज के हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य करें। मौके पर पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, शशि पवार, कविंद्र जैन, रवि दुबे, अकबर कश्यप , नागेन्द्र शुक्ला, विकल गुप्ता, विकास बोहरा, महामंत्री द्वय रुपेन्द्र साहू, सुलोचना साहू सहित मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

परियोजना के पूर्ण होने पर लगभग 4426 हेक्टेयर कृषि भूमि होगी सिंचित

## नहर लाइनिंग परियोजना से बदलेगी किसानों की किस्मत





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

क्षेत्र में जल संसाधन विभाग की नहर लाइनिंग परियोजना किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही है। तेज़ी से प्रगति पर चल रही यह योजना सिंचाई व्यवस्था को नई मजबूती दे रही है, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की आय में बड़ा सुधार होने की उम्मीद है।

परियोजना के लिए 60.53 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जबकि 173.28 करोड़ रुपये का संशोधित प्रस्ताव शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है। योजना पूरी होने पर लगभग 4426 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे हजारों किसान सीधे लाभान्वित होंगे।

कार्यपालन अभियंता बीके मगेंद्र ने बताया कि नहर लाइनिंग से पानी का रिसाव और अपव्यय रुकेगा, जिससे जल प्रवाह बेहतर होगा। इसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा और किसानों को समय पर पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में निर्माण कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। उच्च गुणवत्ता की सामग्री और तकनीकी मानकों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। नियमित मॉनिटरिंग से पारदर्शिता भी सुनिश्चित की जा रही है।

हाल ही में कलेक्टर ने सिंगपुर-दुगली नहर लाइनिंग कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस परियोजना को किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया।

परियोजना के तहत सोंढूर बांध से नगरी क्षेत्र को अतिरिक्त सिंचाई सुविधा दी जाएगी। नगरी वितरक नहर (30 किमी) और दुगली-सिंगपुर नहर विस्तार सहित कुल 36 किमी में कार्य किया जा रहा है।

क्षेत्र की 46 हेक्टेयर वनभूमि के बदले 92 हेक्टेयर में पौधरोपण किया जाएगा। साथ ही स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता दी जा रही है और अब सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

परियोजना पूरी होने पर क्षेत्र में दोहरी फसल प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों की आय में बड़ा इजाफा होगा। किसानों का मानना है कि यह योजना उनके लिए संजीवनी साबित हो रही है। नहर लाइनिंग परियोजना नगरी में खेती की तस्वीर बदलने की दिशा में एक मजबूत और सकारात्मक कदम बनकर उभर रही है।

## धीवर समाज के 200 लोग तुरतुरिया धाम रवाना

- शीतला माता मंदिर परिसर से महापौर ने धर्म ध्वजा दिखाकर किया लोगों को रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धीवर समाज में चैत्र नवरात्रि महोत्सव की धूम है। दानीटोला स्थित मां शीतला मंदिर में रोजाना विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। शनिवार को धीवर समाज के करीब 200 महिला, पुरुष और बच्चे चार बस में सवार होकर धार्मिक तीर्थयात्रा में रवाना हुए।

सुबह करीब 9:30 बजे महापौर रामू रोहरा ने मां शीतला मंदिर पहुंचे और देवी मां की विशेष पूजा अर्चना की। इसके पश्चात धीवर समाज के प्रतिनिधियों को तुरतुरिया मंदिर तीर्थयात्रा के लिए धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि धीवर समाज की एकता और आपसी सद्भावना की शहर में मिसाल है।

समाजजन हर साल नवरात्र के मौके पर सामूहिक रूप से तीर्थयात्रा करते हैं और समाज की खुशहाली के लिए कामना करते हैं। इस अवसर पर धीवर समाज के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़ा, संरक्षक परमेश्वर फुटान, होरीलाल मत्स्यपाल, सोहन धीवर, सोनू लाल नाग, फिरोज हिरवानी, शैलेंद्र नाग, खूबलाल धर्मगुड़ी, गजेश कोसरिया, राजू ओझा, लेखराम नाग, करण हिरवानी, नितेश हिरवानी, राजा कोसरिया, पप्पू कोसरिया, धृति हिरवानी, आशा धीवर, संगीता कोसरिया, पार्षद तल्लीनपुरी गोस्वामी, अखिलेश सोनकर, कुलेश सोनी, अज्जू देशलहरे, ईश्वर सोनकर समेत बड़ी संख्या में धीवर समाज के लोग शामिल थे।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

- छग कोसरिया यादव समाज धमतरी राज के वार्षिक अधिवेशन में एकजुटता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम बोरसी स्थित पहंदा में छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज धमतरी राज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष वीरेंद्र साहू तथा द्वितीय दिवस की अतिथि सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष बलराम यादव ने की।

अधिवेशन की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं भगवान श्रीकृष्ण की झांकी के साथ हुई। महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश शोभायात्रा निकाली, जिसमें राउत नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। दोपहर बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न गांवों से आए बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम ने समाज की एकजुटता और संगठन की मजबूती पर बल दिया। मौके पर कुरुद ब्लॉक अध्यक्ष लीलाराम यादव, मधुबन राज अध्यक्ष फग्गु राम यादव, धमतरी नगर अध्यक्ष रामेश्वर यादव, मुकेश यादव, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष खिलेश्वरी यादव समेत 154 गांव के 11 पाली अध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। राज अध्यक्ष बलराम यादव ने वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया। राज सचिव प्रभुलाल यादव अमेठी ने आभार व्यक्त किया। यह जानकारी तुलसीराम यादव धमतरी ने दी।

## खबर संक्षेप

### हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार का एक पैर अलग होने की स्थिति में



**कांकेर।** जिले में तेज रफ्तार और लापरवाही का एक और खौफनाक नजारा सामने आया, जब ग्राम कोदाभाट पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि घायल का दाहिना पैर लगभग शरीर से अलग होने की स्थिति में पहुंच गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम पीवी 20 बैकुंठपुर निवासी 32 वर्षीय भोला हलधर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएस 0578 से सुबह जिला न्यायालय कांकेर में पेशी के लिए आए थे। पेशी पूरी करने के बाद वे निजी कार्य से ग्राम कोदाभाट गए थे। शाम करीब 4 बजे जब वे वापस कांकेर लौट रहे थे, तभी सामने से तेज गति में आ रहे सफेद रंग के हाइवा क्रमांक सीजी 04 एनआर 6680 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाइवा चालक किशन कुमार नेताम वाहन को लापरवाहीपूर्वक और तेज रफ्तार में लहराते हुए चला रहा था। इसी दौरान उसने सामने से आ रहे भोला हलधर को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक का दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कंधे में भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल के मोबाइल से उनके परिजनों को सूचना दी। उनकी पत्नी सीमा हलधर को हादसे की जानकारी दी गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस मामले में प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक बालोद जिले के नलकसा निवासी 25 वर्षीय किशन कुमार नेताम के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) और 125 (बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

कहीं 100 रुपए में दिन भर तो कहीं 1500 में सप्ताह भर रेत ले जाने का आफर

# अवैध खदानों के बीच कॉम्पीटिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के समीप संचालित अवैध खदानों के बीच जमकर कॉम्पीटिशन हो रही है। इसी बीच कोलियारी के ग्रामीणों ने अवैध रेत खदान पर रोक लगाने की मांग कलेक्टर से की है।

उल्लेखनीय है कि शहर तथा आसपास के क्षेत्र में रेत की सप्लाई ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से होती है। शहर के समीप अछोटा, कोलियारी, अमेठी, कलारतराई, परसुली, दर्री स्थित महानदी में सालों से रेत का अवैध कारोबार चल रहा है। कुछ माह पहले अवैध रेत खदानों में प्रति ट्राली रेत 200 रूपये वसूला जाता था। अछोटा, कोलियारी, अमेठी कलारतराई खदान के बीच कॉम्पीटिशन होने से अलग-अलग खदानों में प्रति ट्राली रेत का दाम गिर गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलियारी खदान में प्रति ट्राली 100 रूपये या एक सप्ताह में जितना भी रेत निकाल लो 2000 रूपये लिया जा रहा है। अछोटा खदान में नवरात्र आफर दिया जा रहा है जिसमें प्रति ट्राली 100 तथा सप्ताह भर के लिए



1500 रूपये का भाव रखा गया है। अमेठी खदान में रेत की किल्लत है। यहां रेत का उठाव नहीं होने से यहां 100 रूपये में दिन भर ट्रैक्टर ट्राली से रेत ले जाने का आफर है।

### कोलियारी में अवैध रेत उत्खनन बंद करने की मांग

ग्राम कोलियारी के ग्रामीण वीरेन्द्र साहू, सुन्दरी साहू, धन्नूराम, डुलेश्वरी, कौशिल्या, अंजनी बाई, सतीश आदि ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम कोलियारी महानदी के तट पर बसा हुआ है। महानदी से कोई अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं निकासी कराकर पैसा वसूल रहा है। रेत के अवैध उत्खनन से भू-जल स्तर नीचे जा रहा है। मोटर पंप का लेवल गिरने लगा है। निस्तारी के लिए पानी की समस्या उत्पन्न होगी। ग्रामीणों ने अवैध रेत खदान बंद कराने की मांग की है।

# सुनसान घर से कांसा पीतल बर्तन की चोरी

- नगर पंचायत करेली बड़ी की घटना, पुलिस कार्रवाई में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

नगर पंचायत करेली बड़ी के एक सुनसान घर में चोरों ने धावा बोलकर पीतल, कांसा के बर्तन को चोरी कर ली है। गांव में पुलिस चौकी होने के बाद भी इन चोरों को पुलिस का भय नहीं है।

पुलिस चौकी करेली बड़ी में पीड़ति परिवार ने 19 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना 18 मार्च की है। सुरुज बाई साहू पति स्व. गुहरीराम साहू घर में पहले अकेली रहती थी। उसकी बड़ी बेटी नयापारा में रहती है। बेटी अपनी मां को नयापारा ले गई। घर में कोई नहीं रहता था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने पीतल, कांसा के बर्तन पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ति परिवार ने बताया कि ग्राम नारी से उसका भतीजा युवराज साहू प्रतिदिन घर में दीए जलाने आता है। 17 मार्च को वह नहीं आया। 18 मार्च को युवराज साहू सुबह 10 बजे दरवाजा खोला तो उसने छत के कमरे का दरवाजा का ताला टूटा पाया। कमरे को देखा तो पीतल के बर्तन नहीं थे।

युवराज ने अपनी बुआ सुरुज बाई और दामाद केवल साहू को इनकी जानकारी दी। दोनों ने 19 मार्च को पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज की। इन लोगों ने बताया कि ऊपर छत की ओर से ज्ञात चोर घुसकर कमरे का ताला तोड़कर कीमती सामान ले गया। हजारों रुपये के बर्तन की चोरी हुई है। उन्होंने पुलिस से चोरों को पकड़ने एवं दोपहर और रात्रि में सुनसान गलियों में पेट्रोलिंग की मांग की है।

### पीतल के सामानों की हुई चोरी

चोरी करेली बड़ी पुलिस ने बताया कि सुनसान घर से पीतल का एक बड़ा हंडा, 5 नग पीतल कांसा की थाली, एक गंजी, एक छोटी गुंडी, पीतल का एक बांगा, 3 जोड़ी जानवर की घुंघरू चोरी हुई है। चोरी गए सामान की कीमत 15 हजार 400 रुपये आंकी गई है। पुलिस कार्रवाई में जुटी है। उस मोहल्ले में लगातार पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है।

## शीतला मंदिर में जल रहे आस्था के 66 दीप



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बिरगुड़ी में चैत्र नवरात्रि पर मां शीतला मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। मां शीतला शक्तिपीठ समिति के तत्वावधान में आस्था की ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है, जिसमें 61 तेल एवं 5 घी के दीप जलाकर भक्तों ने माता के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।

नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन माता सेवा, भजन-कीर्तन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। पंचमी तिथि पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में ग्राम समिति के सदस्य मदन सरोज, धनेश समुद्र, राजेंद्र चुरेंद्र, सुरेंद्र यादव, रूप नाग, बुधार कश्यप, अश्वनी ध्रुव, नरोत्तम नेताम, नरेंद्र कश्यप अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, रामकुमार सरोज, विकेंद्र सरोज, सौरभ साहू सहित ग्रामवासी सहयोग प्रदान

## रत्नाबांधा, मुजगहन और श्यामतराई स्कूल की समस्याओं के निराकरण की मांग

- जनपद पंचायत सदस्य कीर्तन ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनपद पंचायत धमतरी के सदस्य कीर्तन मीनपाल ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान श्री मीनपाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रत्नाबांधा, मुजगहन और श्यामतराई के शासकीय स्कूलों में व्याप्त समस्याओं और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर मंत्री को मांग पत्र सौंपा।

श्री कीर्तन ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक माहौल और सर्वसुविधायुक्त इंफ्रास्ट्रक्चर का होना आवश्यक है। ग्राम रत्नाबांधा, मुजगहन और श्यामतराई के स्कूलों में जर्जर




भवनों की मरम्मत, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण और सुरक्षित बाउंड्रीवॉल की व्यवस्था जरूरी है।

शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालयों विशेषकर बालिकाओं के लिए, स्कूलों में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों को जल्द से जल्द भरें ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। स्मार्ट क्लास की सुविधा और बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेल मैदान का समतलीकरण होना चाहिए। शिक्षामंत्री ने मांग पत्र पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वस्त किया है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए संकल्पित है और इन तीनों ग्रामों की स्कूल संबंधी समस्याओं का विभागीय स्तर पर त्वरित निराकरण किया जाएगा।

## युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं : गौकरण



- जीजामगांव में एनएसएस विशेष शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासकीय आईटीआई कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम जीजामगांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिला पंचायत सभापति कुलेश्वरी गायकवाड़, भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू, जनपद पंचायत कुरूद सदस्य श्रीमती गंगा साहू, सरपंच देवचरण चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य डॉ. सुनील गायकवाड़, जनपद सदस्य श्रीमती ललिता भतपहरी, जनपद प्रतिनिधि रमेश भतपहरी तथा वरिष्ठ ग्रामीण अरुण साहू थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चमनलाल पाल एवं प्रशिक्षण अधिकारी प्रीति साहू को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने कहा कि युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं। विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। सरपंच देवचरण चंद्राकर ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। प्रशिक्षण अधिकारी प्रीति साहू ने आभार व्यक्त किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कलेक्टोरेट के पास हुई कार्रवाई, अब बाईपास में अवैध प्लाटिंग

शिकायत मिली है। विधायक ओंकार साहू ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए स्थल का निरीक्षण किया और अवैध प्लाटिंग पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि धमतरी में अवैध प्लाटिंग का मुद्दा विधानसभा में उठा, जिसमें उन्हें बोलने का अवसर मिला। संबंधित मंत्री ने जवाब दिया है कि जहां-जहां अवैध प्लाटिंग की गई है, वहां जब्ती की कार्रवाई की गई है, लेकिन धमतरी में अलग ही खेल चल रहा है। उन्होंने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस मामले में मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बाल कवियों ने पर्यावरण संवर्धन भ्रष्टाचार, परीक्षा पर कविता पढ़ी

- गौरैया एवं खुशी दिवस पर आओ कविता लिखें समूह ने काव्य गोष्ठी आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी की साहित्यिक संस्था आओ कविता लिखें समूह द्वारा 20 मार्च विश्व गौरैया दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस पर मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य कोमल सिंह साहू, उपप्राचार्य सुशील कुमार साहू, व्याख्याता बृजेश देवांगन, अवध राम साहू, गीतेश्वर सिंह साहू एवं आओ कविता लिखें समूह के संस्थापक जितेंद्र सुकुमार ने किया। प्राचार्य श्री साहू ने कहा कि बाल कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से गौरैया की चहचाहट,



प्राकृतिक की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जितेंद्र साहिर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस हमें यह संदेश देता है कि जीवन में सच्ची खुशी केवल भौतिक साधनों से नहीं बल्कि संतोष, सकारात्मक सोच और आपकी सहयोग से मिलती है।

उपप्राचार्य सुशील कुमार ने देशभक्ति कविता पढ़कर सबका उत्साह वर्धन किया। बृजेश कुमार देवांगन ने मां और पुत्री के बीच के वार्तालाप को कविता के माध्यम से उकेरा। अवध राम साहू ने गौरैया के संरक्षण पर कविता पढ़ी। बालकवि हेमलता निषाद, हसीना साहू ने शानदार पंक्ति पढ़ी। गीतांजलि निषाद ने पर्यावरण संवर्धन, संतोषी साहू ने भ्रष्टाचार, दुर्गेश्वरी साहू ने परीक्षा पर कविता सुनाई। कार्यक्रम का संचालन लीलम बघेल एवं आभार व्यक्त खोमेश्वरी ने किया।

## झेरिया यादव समाज का चुनाव 12 अप्रैल को

- 15,928 आजीवन सदस्य अपने मताधिकार का करेंगे उपयोग

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की प्रबंधकारिणी समिति का चुनाव 12 अप्रैल को होगा। इस संबंध में समाज के संस्थापक सदस्य एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुकालू राम यदु तथा जगत राम यादव ने अधिसूचना जारी की है। चुनाव में प्रदेश के 24 जिलों के कुल 15,928 आजीवन सदस्य अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसके लिए जिला स्तर पर 55 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन एवं त्रुटि सुधार 18 से 20 मार्च तक किया गया। अंतिम सूची 21 मार्च को जारी हुई। नामांकन प्रक्रिया 22 से 25 मार्च तक चलेगी। उम्मीदवारों की सूची 26 मार्च को प्रकाशित होगी तथा 27 मार्च को नाम वापसी होगी। अंतिम उम्मीदवार सूची 28 मार्च को जारी कर 29 मार्च को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव के एक-एक पद तथा सदस्य के दो पदों पर मतदान होगा। मतदान 12 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित केंद्रों पर होगा। मतगणना मतदान समाप्ति के आधे घंटे बाद की जाएगी। मुख्य परिणाम रायपुर स्थित महादेव घाट सामाजिक भवन में घोषित होंगे। मतदान के लिए आधार कार्ड अनिवार्य पहचान पत्र रहेगा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

गोंडवाना समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन बांधा में, समापन आज

# संस्कृति, शिक्षा एवं सामाजिक एकता पर जोर





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी के तत्वावधान में तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ 21 मार्च को ग्राम बांधा में पारंपरिक विधि-विधान के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पेन शक्तियों की सेवा अर्जी एवं गोंडवाना के सप्तरंगी ध्वज के ध्वजारोहण के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में श्रद्धा और उत्साह का संचार हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम उपस्थित रहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंडवाना समाज सेवा समिति के तहसील अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव ने की। विशेष अतिथि श्रवण मरकाम, डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, रामप्रसाद मरकाम, शुकंतला ठाकुर, बिंदा नेताम, प्रमोद कंजाम जनपद सदस्य, डोमार सिंह ध्रुव मीडिया प्रभारी, सुरेंद्र नेताम, हरक मंडावी, कलावती मरकाम, सतरूपा तमोवंशी, वेदप्रकाश मंडावी, ग्राम पटेल नरसिंह मरकाम, बुधराम नेताम थे। इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच मानकी कुंजाम, रमेश मंडावी, मोनिका मंडावी, लोकेश्वरी नेताम, रामेश्वर मरकाम, उत्तम नेताम एवं राधिका नेताम भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपक्षेत्रीय अध्यक्ष मयाराम नागवंशी ने स्वागत भाषण देते हुए सम्मेलन के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान समाज की परंपराओं, संस्कृति, शिक्षा, नशामुक्ति एवं सामाजिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन का 22 मार्च को समापन होगा।



## खबर संक्षेप

### नवोदय में कमलदेव का चयन



**सांकरा।** आनंद मार्ग विद्यालय सांकरा के छात्र कमलदेव पिता स्व. परमेश्वर का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज साहू और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

### दीक्षा का नवोदय में चयन



**कुरुद।** सरस्वती शिशु मंदिर मंदरौद की छात्रा दीक्षा साहू पिता यादराम साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर आचार्य परिवार एवं विवेक ज्योति शिक्षण संस्थान के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गुलशन का नवोदय विद्यालय में चयन



**धमतरी।** सशिमं खपरी के छात्र गुलशन गजेन्द्र पिता तामेश्वर कुमार गजेन्द्र का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन हुआ है। सरपंच रामरोशन ध्रुव, सभापति कृषि जनपद पंचायत धमतरी अग्रवाल साहू, संयोजक भगवान सिंग रायपुरिया, उपाध्याय भोलाराम सिन्हा, भरतराम साहू, मुरार साहू, भोपसिंह साहू, सुमंत साहू, कन्हैया लाल साहू, संस्था प्रमुख लोकेश साहू, पूर्णिमा साहू, लीलेश्वरी साहू, फनेश्वरी साहू, डीलेश्वरी यादव, उमाभारती साहू ने हर्ष जताया है।

### वन विभाग के नए कार्यालय और स्मार्ट लाइब्रेरी का लोकार्पण आज



**कुरुद।** नगर के विकास और सुशासन की दिशा में 22 मार्च का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में एक ही मंच से वन विभाग के नए अनुसंधान एवं विस्तार कार्यालय और नगर पालिका द्वारा निर्मित आधुनिक स्मार्ट लाइब्रेरी का लोकार्पण होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका कुरुद, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरुद, श्रीमती ज्योति जैन अध्यक्ष नपं भखारा एवं सतीश जैन उपाध्यक्ष जपं कुरुद होंगे।

महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप में 52 टीमें ले रही हिस्सा

# गंगरेल बांध की लहरों पर आज दिखेगा रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

आज का दिन धमतरी जिले के लिए ऐतिहासिक बनने जा रहा है। पहली बार गंगरेल बांध की शांत जलधारा पर गंगरेल नौकायान उत्सव अंतर्गत महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप का आयोजन 22 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन स्थल पर उत्साह और उमंग का माहौल देखते ही बन रहा है। इस प्रतियोगिता में धमतरी सहित आसपास के जिलों की कुल 52 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत मचान हाट प्वाइंट से होगी। 1000 मीटर की चुनौतीपूर्ण दूरी में प्रतिभागी अपनी क्षमता और तालमेल का प्रदर्शन करेंगे। तैयारियां लगभग अंतिम दौर में है। मुख्य अतिथि सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी होंगी।



### 3 महिला टीम की दमदार भागीदारी

प्रतियोगिता की सबसे विशेष और प्रेरणादायक बात यह है कि ग्रामीण अंचल की तीन महिला टीमें भी पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। ग्राम तिर्रा जिला धमतरी की श्रीमती चयन बाई, श्रीमती सुमन एवं श्रीमती दिनेश्वरी निषाद अपनी पारंपरिक लकड़ी की नाव के साथ इस प्रतियोगिता में शामिल होकर न केवल प्रतिस्पर्धा को रोचक बना रही हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी सशक्त संदेश दे रही हैं।

### आकर्षक पुरस्कारों से बढ़ेगा उत्साह

प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए आकर्षक नगद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 50,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 25,000 रुपये दिए जायेंगे। इसके अतिरिक्त बोट सजावट एवं वेशभूषा प्रतियोगिता के लिए 11,000 रुपये का विशेष पुरस्कार भी रखा गया है।

### नौकायान उत्सव से बनेगी नई पहचान : अबिनाश

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि गंगरेल नौकायान उत्सव



धमतरी की नई पहचान बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और प्राकृतिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम है। विशेष रूप से महिला टीमों की भागीदारी इस आयोजन को और अधिक गौरवपूर्ण बनाती है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन का हिस्सा बनें तथा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए इसे सफल बनाएं।

# विकास, विरासत और विश्वास से जुड़ने समाज के 25 विद्यार्थी गुजरात रवाना

- औद्योगिक विकास एवं प्रगति में सहायक बनेंगे छात्र-छात्राएं : देवजी
- गुजरात के विरासत, संस्कृति एवं प्रगति से होंगे रूबरू : प्रीतेश



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ एवं एनआर गुजराती एसोसिएशन छग द्वारा बिलासपुर, जगदलपुर, राजिम, महासमुंद, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, रायपुर, कोंडागांव सहित विभिन्न शहरों के बच्चों को गुजरात सरकार द्वारा चलाए जा रहे गुजरात परिभ्रमण योजना के तहत 10 दिवसीय प्रवास पर भेजा गया है। एनआर गुजराती फाउंडेशन गांधीनगर गुजरात एवं गुजरात पर्यटन विभाग के सहयोग से बच्चे गुजरात राज्य की संस्कृति, औद्योगिक प्रगति ,अहम योजनाओं शिक्षा-ऊर्जा, पर्यटन व ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा कर जानकारी अर्जित करेंगे। राज्य की भाषा, रसोईकला के बारे में भी जानकारी प्राप्त करेंगे। देवजी पटेल पूर्व विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष एनआर गुजराती एसोसिएशन छग ने बताया कि गुजरात से अन्य राज्यों में बसने वाले गुजरातियों को गुजराती राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, कला विरासत, अस्मिता, गुजरात के प्रति प्रेम को और मजबूत बनाने, औद्योगिक विकास में सहायक बनने के लिए गुजरात सरकार ने यह योजना बनाई है।

प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छग ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों के 25 छात्र-छात्राएं एवं 2 परिजन गुजरात परिभ्रमण में 10 दिन के लिए गये हैं। बीबीए, बीकॉम, एमबीए, सीए, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, होटल मैनेजमेंट, फार्मेसी अध्ययन कर रहे विद्यार्थी शामिल है। ये छात्र-छात्राएं 10 दिन तक गुजरात में रहकर वहां की संस्कृति, औद्योगिक प्रगति, धार्मिक स्थल, अहम योजनाओं, शिक्षा, ऊर्जा, पर्यटन व ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा कर जानकारी अर्जित करेंगे। विपिन पटेल, रमेश पटेल, सूर्यकांत राठौड़ नगर निगम सभापति रायपुर, अरविंद भानुशाली प्रदेश सचिव सर्व गुजराती समाज, ललित पुजारा, बंटी पटेल, प्रकाश पटेल, भरत पटेल, मुकेश पटेल, प्रकाश बारमेडा, दशा सोरठिया वणिक समाज अध्यक्ष नीतिन ठोलकिया, भावना टाक, मुकेश टाक,गिरीश सरवैया, ज्योति दवे, शीतल सरवैया ,योगेश त्रिवेदी, अनिल पटेल, जयेश संघानी, सुनील पंड्या, तृप्ति जवेरी, दीप्ति राठौड़, अर्पिता चावड़ा ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मुस्लिम समाज ने नमाज अदा कर अमन-चैन की मांगी दुआ





- ईद की खुशबू से महका धमतरी, गले मिलकर दी एक दूसरे को मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

रमजान के 30 रोजों के बाद शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व शहर में उल्लास, भाईचारे और सौहार्द्र के साथ मनाया गया। सुबह ईदगाह में हजारों मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। नमाज से पहले फितरा और जकात अदा की गई। पारंपरिक इस्लामी परिधान में पहुंचे लोगों और रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे बच्चों ने पर्व की रौनक बढ़ा दी।

जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मिस्बाही रजा ने तकरीर में कहा कि ईद खुशियां बांटने का पर्व है और हर सक्षम व्यक्ति को अपने माल का हिस्सा जरूरतमंदों की मदद में लगाना चाहिए। उन्होंने आपसी प्रेम, ईमानदारी और अच्छे व्यवहार को इस्लाम की पहचान बताया। नमाज के बाद लोगों ने कब्रिस्तान जाकर मरहूमों के लिए दुआ की तथा घरों में मेहमानों का मीठी सेवई से स्वागत किया। ईद के अवसर पर कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के जनप्रतिनिधि भी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम समाज को बधाई दी। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि ईद हमें गिले-शिकवे भुलाकर साथ चलने का संदेश देती है। वहीं महापौर रामू रोहरा ने इसे त्याग, सेवा और भाईचारे का प्रतीक बताया। ईदगाह के बाहर गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली, जहां सभी समुदाय के लोग एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद देते नजर आए। पूरे शहर में प्रेम, सौहार्द्र और एकता का संदेश गूंजता रहा।

# धमतरी को मिलेगा 300 करोड़ का विकास पैकेज

- सीएम-डिप्टी सीएम करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

शहर के सर्वांगीण विकास को नई गति देने के लिए राज्य सरकार द्वारा बड़ा कदम उठाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के जल्द ही धमतरी दौरे की संभावना है, जहां वे लगभग 250 से 300 करोड़ रुपये के बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इस प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं, वहीं शहरवासियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।





इन विकास कार्यों में हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर का विकास, आकर्षक चौपाटी निर्माण तथा शहर की प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होगा, बल्कि यातायात व्यवस्था, सांस्कृतिक गतिविधियों और नागरिक सुविधाओं में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा।

महापौर रामू रोहरा के सतत प्रयास को इन परियोजनाओं की स्वीकृति का प्रमुख कारण माना जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों से मुलाकात कर धमतरी आगमन का आमंत्रण दिया था। विधानसभा सत्र के बाद मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के पश्चात अब दौरे की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

नगर निगम का मानना है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद धमतरी आधुनिक सुविधाओं से युक्त विकसित शहर के रूप में नई पहचान स्थापित करेगा। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को उम्मीद है कि यह दौरा शहर के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# निरई माता पहाड़ी में जातरा पर्व व मेला आज

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी



विकासखंड मगरलोड के ग्राम निरई (मोहेरा) में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर निरई माता जातरा पर्व एवं मेला का आयोजन 22 मार्च रविवार को किया जाएगा। जय निरई माता सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक पर्व में सुबह से ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। कार्यक्रम के तहत चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी के दिन प्रातः 9 बजे से माता निरई की विधि-विधान से पूजा-अर्चना आरंभ होगी। यहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ ग्रामीण संस्कृति और परंपरा की झलक भी देखने को मिलेगी। जय निरई माता सेवा समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से माता का दर्शन करने तथा जातरा पर्व को सफल बनाने की अपील की है।

# नरेंद्र भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता और जाने-माने व्यापारी नरेंद्र जायसवाल को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर शहर में हर्ष का माहौल है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। विदित हो कि नरेंद्र जायसवाल लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए हैं और संगठन के प्रति निष्ठा के साथ लगातार कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। संगठन के प्रति समर्पण और सक्रियता के चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजनीतिक क्षेत्र के साथ-साथ व्यापार जगत में भी श्री जायसवाल का विशेष योगदान रहा है। वे अपने मिलनसार स्वभाव और समाजसेवी कार्यों के लिए जाने जाते हैं। व्यापारियों के हितों को लेकर उनकी सक्रियता और सहयोगात्मक रवैये ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि वे नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।

## बिरगुड़ी में रामचरित मानस सम्मेलन 24 से

हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

ग्राम बिरगुड़ी में रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन 24 मार्च से किया जा रहा है। इस आयोजन में क्षेत्र की कुल 36 मंडलियां भाग लेकर रामकथा एवं भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन राघवेंद्र सरकार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन की तैयारी में आयोजन समिति के अध्यक्ष अकबर कश्यप, सचिव संजय शांडिल्य सहित डाकेंद्र कश्यप, राजेश कश्यप, नरोत्तम नेताम, ठाकुरराम कुंजाम, संतोष नाग तथा महिला प्रकोष्ठ जुटी हुई है।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में



जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लेक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# अवैध मादक फसल पर प्रशासन की सख्ती



- संयुक्त टीम ने गांव-गांव जाकर खेतों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

क्षेत्र में मादक पदार्थों से संबंधित अवैध खेती पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ग्राम भुरसीडोंगरी, बरबांधा, जैतपुरी, आमगांव, बेलर एवं सोनपुर में संयुक्त टीम ने खेतों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल में लाकेश साहू (एसएडीओ नगरी), विवेक चंद्राकर (नायब तहसीलदार नगरी), घनानंद साहू (आरएईओ), चंद्रप्रकाश साहू (आरएचईओ), जनकबिहारी साहू तथा लीलेश साहू (पटवारी) शामिल रहे। टीम ने विभिन्न खेतों में जाकर फसलों का बारीकी से परीक्षण किया तथा किसानों को मादक फसलों की अवैध खेती न करने के लिए सख्त हिदायत दी।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मादक फसलों की अवैध खेती पूर्णतः प्रतिबंधित है और ऐसा पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही ग्रामीणों से अपील की कि वे इस तरह की गतिविधियों से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध खेती की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।


चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर